उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,

लखनऊ- 226010

संख्या- 373 /319/चार/309/2018 टी0सी0

लखनऊः दिनांक- 31 अक्टूबर, 2019

आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्याः 5-परीक्षा/2019, वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा- 2019 के अन्तर्गत प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0 के नियन्त्रणाधीन वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक के कुल 655 पदों पर चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशित कर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है।

उक्त विज्ञापन के बिन्दु-9 में वन रक्षक/वन्य जीव रक्षक पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा के लिए परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम से यथासमय सूचित किये जाने का उल्लेख किया गया है ।

तद्नुक्रम शासन के पत्र दिनांक- 17 अक्टूबर, 2019 द्वारा उक्त विज्ञापन में विज्ञापित पदों पर लिखित परीक्षा के लिए परीक्षा योजना की स्वीकृति प्रदान की गई है। उत्तर प्रदेश शासन के पत्र दिनांक 21 अगस्त, 2015 द्वारा पूर्व में **पाठ्यक्रम** अनुमोदित किया जा चुका है। **शासन द्वारा अद्यतन दिनांक- 17.10.2019 को स्वीकृत परीक्षा योजना तथा विज्ञापन के प्रस्तर- 09 के अनुसार चयन लिखित परीक्षा एवं अर्हकारी शारीरिक मानक परीक्षा, शारीरिक दक्षता परिक्षण व चिकित्सीय परीक्षा के आधार पर किया जायेगा।**

अतः आयोग के उक्त विज्ञापन संख्याः 05-परीक्षा/2019, वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा- 2019 के अन्तर्गत वन रक्षक/वन्य जीव रक्षक पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम निम्नवत् है-

परीक्षा योजना

लिखित परीक्षा- 200 अंक

लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी, जिसके विषय एवं अंक निम्नवत् है-

विषय		प्रश्नों की संख्या	अंक	समयावधि
भाग-1	हिन्दी परिज्ञान एवं लेखन योग्यता	80	80	दो घण्टा तीस मिनट
भाग-2	सामान्य जानकारी	60	60	
भाग-3	सामान्य बुद्धि परीक्षण	60	60	
	कुल योग	**200**	**200**	

नोट- उपर्युक्त परीक्षा हेतु निगेटिव मार्किंग (ऋणात्मक अंक) दिये जाने का प्राविधान है, जो कुल 1/4 अंक (25 प्रतिशत) होगी।

SARKARIRESULT.COM

पाठ्यक्रम

भाग-1 हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता-

उक्त भाग में अभ्यर्थियों से हिन्दी भाषा का ज्ञान तथा समझ एवं लेखन योग्यता संबंधी प्रश्न पूछे जाएंगे। यह प्रश्नपत्र उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद की इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा के स्तर का होगा।

भाग-2 सामान्य जानकारी-

उक्त भाग में अभ्यर्थियों से उसके चारों ओर के वातावरण के सम्बन्ध में सामान्य जानकारी तथा समाज में उसके उपयोग के सम्बन्ध में उसकी योग्यता आंकने के लिए प्रश्न पूछे जायेंगे। उक्त भाग में सम-सामयिक घटनाओं, प्रतिदिन दृष्टिगोचर होने तथा अनुभव में आने वाले तथ्यों, विशेष रूप से भारत से सम्बन्धित ऐतिहासिक एवं भौगोलिक तथ्यों से सम्बन्धित, वैज्ञानिक पहलुओं के ज्ञान, वन-पर्यावरण-जलवायु से सम्बन्धित प्रश्न भी पूछे जाएंगे, जिनकी किसी इण्टरमीडिएट शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है।

भाग-3 सामान्य बुद्धि परीक्षण-

इस भाग में पूछे जाने वाले प्रश्नों का उद्देश्य किसी नवीन परिस्थिति को समझने, उसके विभिन्न तत्वों का विश्लेषण तथा पहचान करने एवं तर्क करने की योग्यता को मापना हैं। इस भाग में ऐसे प्रश्न भी पूछे जायेंगे, जो अनुदेशों को समझने, संबंधो/समानताओं/संगतताओं का पता लगाने, निष्कर्ष निकालने तथा बौद्धिक क्रियाओं से सम्बन्धित हों।

31.10.2019

(बिपिन कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक

SARKARIRESULT.COM